भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 58 | बिजौलिया - शनिवार,10 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

अब अस्पताल नहीं, मरीज के घर पहुंच रहा इलाज; राजस्थान में 3 लाख से ज्यादा लोगों को मिली राहत

बेड पर पड़े बुजुर्गों और गंभीर रोगियों के लिए सरकार की पहल बनी सहारा, घर पर ही नर्सिंग, फिजियोथेरेपी और दवाइयों की सुविधा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए अस्पताल पहुंचना ही जब सबसे बड़ी चुनौती बन जाए, तब घर की चौखट पर मिलने वाला इलाज किसी बड़ी राहत से कम नहीं होता। राजस्थान में सरकार की होम-बेस्ड पेलिएटिव केयर सेवा ऐसे ही मरीजों के लिए सहारा बन रही है। कैंसर, स्ट्रोक, पार्किंसन और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के साथ बिस्तर पर रहने वाले बुजुर्गों को घर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अप्रैल 2025 से अगस्त 2026 तक प्रदेश में तीन लाख से अधिक मरीजों को पेलिएटिव केयर सेवाओं का लाभ मिला है।

इस पहल में इलाज के साथ मरीज की तकलीफ कम करने, मानसिक संबल देने और उसे सम्मान के साथ जीवन जीने में मदद करने पर जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मी मरीज के घर पहुंचकर नर्सिंग देखभाल, फिजियोथेरेपी और जरूरी दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं। जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श की सुविधा भी मिल रही है। इससे मरीजों को अस्पताल आने-जाने की परेशानी से राहत मिल रही है, वहीं परिवार के सदस्यों को भी अपने प्रियजनों की देखभाल में चिकित्सकीय सहयोग मिल रहा है।

घर पर ही मिल रही देखभाल, चार माह में 43 हजार मरीज लाभान्वित

होम-बेस्ड पेलिएटिव केयर के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में अगस्त तक करीब 43 हजार मरीजों को घर पर स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। इनमें लगभग 20 हजार बुजुर्ग हैं। यह सेवा विशेष रूप से उन मरीजों के लिए उपयोगी है, जो बीमारी, शारीरिक असमर्थता या बिस्तर पर रहने के कारण अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते।

'राहत की किरण' लेकर घर पहुंच रही स्वास्थ्य टीम

मरीजों तक सेवाएं पहुंचाने के लिए सरकार ने 'राहत की किरण' वाहन की व्यवस्था की है। इसके जरिए प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी मरीजों के घर पहुंचते हैं। टीम में नर्सिंग ऑफिसर, फिजियोथेरेपिस्ट और संबंधित क्षेत्र की एएनएम अथवा आशा कार्यकर्ता शामिल रहती हैं। मरीज की जरूरत



के अनुसार देखभाल की जाती है और आवश्यक होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक से टेली-परामर्श भी दिलाया जाता है।

अस्पतालों में भी हजारों मरीजों को मिला उपचार

प्रदेश के 98 जिला, उप जिला एवं सेटेलाइट अस्पतालों में पेलिएटिव केयर क्लिनिक स्थापित किए गए हैं। अप्रैल 2025 से अगस्त 2026 तक करीब 2 लाख 51 हजार मरीजों को ओपीडी सेवाएं मिलीं, जबकि 41 हजार से अधिक मरीजों को भर्ती कर उपचार एवं देखभाल प्रदान की गई।

57 हजार केयर गिवर्स प्रशिक्षित

इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में करीब 57 हजार केयर गिवर्स को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा 10 हजार एएनएम, 21 हजार से अधिक आशा कार्यकर्ताओं और करीब 10 हजार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया है। सरकार का लक्ष्य इन सेवाओं को प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक विस्तार देकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को भी राहत पहुंचाना है।

मक्का की फसल घर भिजवाई, खेत में पानी पिलाने रुका किसान; सुबह मिला शव

अमर निवास गांव में 45 वर्षीय मनोज धाकड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



खेत में मक्का की कटाई के बाद कटी हुई फसल घर भिजवा दी, लेकिन खेत में पानी पिलाने के लिए रुका किसान रात को घर नहीं लौटा। परिजनों ने देर रात तक तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह चाचा जब खेत पहुंचे तो किसान का शव देखकर उनके होश उड़ गए। घटना थाना क्षेत्र के अमर निवास गांव की है, जहां 45 वर्षीय मनोज धाकड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार अमर निवास निवासी मनोज धाकड़ पुत्र रामस्वरूप गुरुवार सुबह खेत पर मक्का की कटी हुई फसल लेने गए थे। उन्होंने कटाई के बाद फसल घर भिजवा दी, लेकिन खेत में पानी पिलाने के लिए वहीं रुक गए। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने आसपास और संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन मनोज का पता नहीं चला। इसके बाद भी रात तक उनके घर नहीं पहुंचने पर परिजन परेशान रहे।

शुक्रवार सुबह मनोज के चाचा सुरेश धाकड़ ट्रैक्टर लेकर खेत पहुंचे तो वहां मनोज अचेत अवस्था में पड़े मिले। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत उपजिला अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक छा गया।

मृतक के भाई जगदीश धाकड़ के अनुसार मनोज खेतीबाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके दो बच्चे हैं। फिलहाल किसान की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, क्षत-विक्षत शव गठरी में ले जाना पड़ा

मंडपिया स्टेशन के पास हादसा, मृतक की पहचान नहीं; फैक्ट्री कर्मचारी होने की आशंका, जीआरपी जुटी जांच में

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ रेलमार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की जान चली गई। मंडपिया रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर आगे हमीरगढ़ की ओर उदयपुर से जयपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन की टक्कर इतनी भीषण थी कि शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटनास्थल से शव के अवशेष एकत्र कर गठरी में रखकर मॉर्च्युरी पहुंचाए गए। मृतक की पहचान नहीं होने से जीआरपी पुलिस आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों और फैक्ट्रियों में संपर्क कर जानकारी जुटा रही है।

जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि युवक हाईवे की ओर से नीचे उतरकर रेलवे ट्रैक पार कर दूसरी तरफ जा रहा था। इसी दौरान वह इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की।

हादसे में युवक का शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। मृतक के पास पहचान संबंधी दस्तावेज भी नहीं मिला।

पुलिस को आशंका है कि युवक आसपास के किसी औद्योगिक क्षेत्र में काम करता हो सकता है। जीआरपी आसपास की फैक्ट्रियों से संपर्क कर रही है और मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

पेयजल परियोजनाओं में तेजी लाएं, लंबित काम जल्द पूरे करें: मुख्य सचिव

बूंदी में जल संचय, सिंचाई और पेयजल योजनाओं की समीक्षा, साइबर थाने का निरीक्षण कर पीड़ितों को त्वरित राहत देने पर दिया जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

(**गर्वित**) । प्रदेश में पेयजल संकट से राहत, जल संरक्षण और आमजन तक शुद्ध पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार अब लंबित परियोजनाओं को गति देने पर जोर दे रही है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को बूंदी जिला कलक्ट्रेट सभागार में जल संचय-जल संवर्धन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, सिंचाई और विभिन्न पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित कार्यों को अनावश्यक रूप से नहीं खींचा जाए और परियोजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचाया जाए।

मुख्य सचिव ने हिण्डोली-नैनवां, गरड़दा और नवनेरा पेयजल परियोजनाओं के साथ ईआरसीपी के तहत चल रहे कार्यों में



तेजी लाने को कहा। उन्होंने संवेदकों के लंबित भुगतान संबंधी मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि भुगतान संबंधी अड़चनों के कारण विकास कार्य प्रभावित नहीं होने चाहिए।

जल संरक्षण के कार्यों की गुणवत्ता पर जोर

मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के विभिन्न चरणों की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने जल संरक्षण के कार्यों में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने और नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग के कार्यों का उपवन संरक्षक को स्वयं निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत गांवों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की भी जानकारी ली।

साइबर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

मुख्य सचिव ने बूंदी साइबर पुलिस थाने का निरीक्षण कर साइबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने थाने के स्वागत कक्ष और अनुसंधान कक्ष का अवलोकन किया तथा दर्ज प्रकरणों, अनुसंधान, आरोपियों की गिरफ्तारी और मामलों के निस्तारण की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में पुलिस और बैंकों के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है। समय पर सूचना साझा होने से पीड़ितों की मेहनत की कमाई बचाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने साइबर अपराधों में त्वरित कार्रवाई और प्रभावी अनुसंधान पर जोर दिया।

निरीक्षण और समीक्षा बैठक के दौरान संभागीय आयुक्त एवं कोटा जिला कलक्टर पीयूष समारिया, पुलिस महानिरीक्षक कोटा हरेन्द्र महावर, बूंदी जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव, जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

राजस्थान में अपराधों पर लगाम! हत्या, लूट और महिला अपराधों में आई कमी

नौ महीने के आंकड़ों में 1,753 मुकदमे घटे, पॉक्सो के मामलों में 19.20 प्रतिशत और दुष्कर्म में 7.96 प्रतिशत की गिरावट; एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट में बढ़ी कार्रवाई

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राजस्थान में वर्ष 2026 के शुरुआती नौ महीनों के अपराध आंकड़ों में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस विभाग के तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती और महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध कई गंभीर अपराधों में कमी आई है। सितंबर तक दर्ज कुल अपराधों की संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले 1,753 कम रही। वहीं, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों और आबकारी मामलों में दर्ज प्रकरण बढ़े हैं। राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय ने इसे अपराधों की रोकथाम, निगरानी और कार्रवाई के प्रयासों से जोड़ते हुए कानून-व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही है।

पॉक्सो के 478 और दुष्कर्म के 356 मामले घटे – महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों के आंकड़ों में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में 19.20 प्रतिशत की कमी सामने आई है। वर्ष 2025 की तुलना में 478 प्रकरण कम दर्ज हुए। दुष्कर्म के मामलों में 356 प्रकरण यानी 7.96 प्रतिशत और छेड़छाड़ के मामलों में 603 प्रकरण यानी 7.38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार महिला सुरक्षा के लिए संचालित कालिका यूनिट, एंटी रोमियो स्क्वॉड और अन्य पहलों के माध्यम से रोकथाम के प्रयास किए जा रहे हैं।

हत्या और लूट के मामलों में भी राहत – गंभीर अपराधों की श्रेणी में हत्या के 23 और हत्या के प्रयास के 174 मामले कम दर्ज हुए। संपत्ति संबंधी अपराधों में डकैती के मामलों में 19.67 प्रतिशत, लूट में 16.40 प्रतिशत और नकबजनी में 4.63 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। पुलिस का कहना है कि अपराधों पर नियंत्रण के लिए नियमित गश्त, निगरानी और लक्षित कार्रवाई की जा रही है।

कुल अपराधों में 1,753 की कमी – विभागीय आंकड़ों के मुताबिक सितंबर तक वर्ष 2025 में भारतीय दंड संहिता और भारतीय न्याय संहिता के तहत कुल 1,47,534 प्रकरण दर्ज हुए थे। वर्ष 2026 में इसी अवधि तक यह संख्या घटकर 1,45,781 रही। इस तरह कुल दर्ज प्रकरणों में 1,753 की कमी आई। पुलिस मुख्यालय के अनुसार अपराधों की



रोकथाम और त्वरित कार्रवाई के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट में बढ़े मामले – स्थानीय एवं विशेष कानूनों के तहत दर्ज प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में ऐसे 65,753 मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2026 में यह संख्या बढ़कर 70,035 हो गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत 1,815, आर्म्स एक्ट में 538 और आबकारी अधिनियम के तहत 908 प्रकरण अधिक दर्ज हुए। पुलिस विभाग ने इसे इन कानूनों के तहत बढ़ी कार्रवाई और प्रभावी क्रियान्वयन से जोड़ा है।

एससी-एसटी अत्याचार के मामलों में 15.47 प्रतिशत गिरावट

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में भी कमी आई है। पिछले वर्ष की तुलना में 954 प्रकरण कम दर्ज हुए, जो 15.47 प्रतिशत की गिरावट है।

घरेलू प्रताड़ना की शिकायतें बढ़ीं, पुलिस इसे मान रही सकारात्मक संकेत

घरेलू प्रताड़ना, दहेज की मांग और पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों में दर्ज प्रकरण 9,979 से बढ़कर 10,562 हो गए। पुलिस विभाग का मानना है कि महिलाओं में जागरूकता बढ़ने और पुलिस तक पहुंचने के भरोसे के कारण अधिक महिलाएं शिकायत दर्ज करा रही हैं। ऐसी पीड़िताओं को सहायता और परामर्श उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक वृत्त स्तर पर एक पुलिस थाने में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र संचालित किया जा रहा है।

राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय के अनुसार महिला सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम, पीड़ितों को त्वरित सहायता और मामलों के प्रभावी अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बिजौलिया में कल से 20 अक्टूबर तक होगा श्री रामचरितमानस पाठ एवं रामकथा का आयोजन

आज निकलेगी जल यात्रा, 20 अक्टूबर को पूर्णाहुति के साथ होगा समापन



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

आश्विन नवरात्रि के अवसर पर श्री श्री 1008 श्री फलाहारी जी महाराज की पुण्य स्मृति में श्री रामचरितमानस पाठ एवं रामकथा का आयोजन किया जाएगा। श्री रामचरितमानस महामंडल के तत्वावधान में धार्मिक कार्यक्रम जागेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर आयोजित होगा।

महामंडल के आचार्य शांतिलाल जोशी ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ 11 अक्टूबर से होगा तथा 20 अक्टूबर को पूर्णाहुति के साथ समापन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सुबह 7:15 बजे से रामायण पाठ और दोपहर 2:15 बजे से रामकथा होगी।

धार्मिक आयोजन के तहत 10 अक्टूबर को दोपहर 1:15 बजे श्री चारभुजा मंदिर से जल यात्रा निकाली जाएगी। वहीं, 20 अक्टूबर को दोपहर 12:15 बजे पूर्णाहुति का कार्यक्रम होगा।

आचार्य जोशी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य धर्म, संस्कार, सामाजिक सद्भाव और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण आज से

टाउन हॉल में 16 अक्टूबर तक चलेगा प्रशिक्षण, प्रतिदिन सैकड़ों कार्मिक लेंगे भाग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पंचायत आम चुनाव-2026 की तैयारियों के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य, पंच और सरपंच चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए नियुक्त अधिकारियों व मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 10 अक्टूबर से शुरू होगा। प्रशिक्षण में नामांकन, मतदान और मतगणना की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर जसमीत सिंह संधू के अनुसार सभी प्रशिक्षण सत्र नगर निगम के महाराणा प्रताप सभागार (टाउन हॉल) में आयोजित होंगे। 10 से 14 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे प्रशिक्षण शुरू होगा। इस दौरान पहले चार दिन 600-600 तथा 14 अक्टूबर को 602 प्रशिक्षार्थी शामिल होंगे।

15 और 16 अक्टूबर को दो सत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। 15 अक्टूबर को दोनों सत्रों में 550-550 तथा 16 अक्टूबर को पहले सत्र में 500 और दूसरे सत्र में 489 प्रशिक्षार्थी भाग लेंगे। प्रशिक्षण में मतदान दलों, रिटर्निंग अधिकारियों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव संबंधी जिम्मेदारियों की जानकारी दी जाएगी।

भीलवाड़ा में आज चार घंटे बिजली बंद रहेगी

तिलक नगर, सांगानेर कॉलोनी, कंचन विहार सहित कई क्षेत्रों में सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक विद्युत कटौती

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को विद्युत रखरखाव कार्य के चलते सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता हरीश कुमार टेलर ने बताया कि 11 केवी के तीन फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में निर्धारित समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

इन क्षेत्रों में रहेगी बिजली बंद

हाउसिंग बोर्ड फीडरः तिलक नगर सेक्टर 5, 6, 7, 8 व 9, कृष्ण कुंज, रिद्धि-सिद्धि एनक्लेव, आदर्श विहार, गोकुल विहार, राधे नगर, श्री विहार और इम्पीरियल प्राइम के आसपास का क्षेत्र।

ईरास फीडरः कंचन विहार, शिव नगर, सुंदर नगर, नोबल इंटरनेशनल स्कूल, सोफिया स्कूल, सांगानेर कॉलोनी, पंजीयन कार्यालय, रोशन वाटिका, कंचन विहार विस्तार, अहिंसा सर्किल, कुंवाड़ा खान रोड तथा आसपास का क्षेत्र। सालरा फीडरः सालरा गांव, एजी क्षेत्र, बायपास रोड, श्रीजी सिटी, निधिवन कॉलोनी, एमपीएस स्कूल और छापरी चौराहे के आसपास का क्षेत्र। निगम ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य पहले ही निपटाने की अपील की है।

बजरंग हरिकीर्तन मंडल की स्वर्ण जयंती पर दस दिवसीय महोत्सव कल से

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।



श्री बजरंग हरिकीर्तन एवं सांस्कृतिक कला मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नवरात्रि पर्व पर 11 से 20 अक्टूबर तक दस दिवसीय स्वर्ण जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों, संगीतमय रामकथा, नानीबाई के मायरे, भजन संध्याओं और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। आयोजन को लेकर तैयारियां की गई हैं।

मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद उपाध्याय ने बताया कि स्वर्ण जयंती के अवसर पर इस बार महोत्सव को विशेष भव्यता दी जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ 11 अक्टूबर को सुबह 8:15 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगा। इसके बाद 11 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक हवन-पूजन किया जाएगा।

13 से 17 अक्टूबर तक गोराजी वाटिका में रात 8 से 11 बजे तक पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से पांच दिवसीय नानीबाई के मायरे का वाचन होगा। वहीं, 11 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जाएगा। 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे श्री खाटूश्याम एवं गरुड़ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और स्थापना होगी। 11, 12, 18 और 19 अक्टूबर को रात 9 बजे से भजन संध्याएं आयोजित की जाएंगी। 19 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से गोराजी वाटिका में विशाल भंडारा होगा। महोत्सव का समापन 20 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे रावण दहन और जुलूस के साथ होगा।

तिलस्वा महादेव मंदिर की दान पेटियों से निकले 66.37 लाख रुपए

प्रशासन और ट्रस्ट पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई गणना, देर रात तक चली नोटों की गिनती

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

तिलस्वा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से दान पेटियों में अर्पित की गई राशि की गणना गुरुवार देर रात तक हुई । प्रशासनिक अधिकारियों और मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों की मौजूदगी में दान पेटियां खोली गईं। देर रात तक चली गणना में कुल 66 लाख 37 हजार 268 रुपए की नकद राशि प्राप्त हुई। नोटों की गिनती बैंककर्मियों ने मशीनों के माध्यम से की। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और ग्रामीण भी मौजूद रहे।



मंदिर ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल धाकड़ के अनुसार दान पेटियों की गणना उपखंड अधिकारी सीएल शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अहीर और अन्य सदस्यों की मौजूदगी में कराई गई। गणना पूरी होने के बाद मंदिर की आय-व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया गया।

इससे पहले मंदिर की दान पेटियां 13 अप्रैल को खोली गई थीं। गुरुवार को हुई गणना के दौरान प्राप्त राशि का विवरण तैयार किया गया। मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से नियमित रूप से चढ़ावा अर्पित किया जाता है, जिसका उपयोग मंदिर की व्यवस्थाओं एवं धार्मिक गतिविधियों के लिए किया जाता है।

धामनिया में विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

मतदान के महत्व का संदेश देकर आमजन को किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

लोकतंत्र की मजबूती और मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को धामनिया स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने आमजन को अपने मताधिकार का प्रयोग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया।



रैली के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न जागरूकता संदेशों के जरिए नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मत लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निष्पक्ष, स्वतंत्र और जिम्मेदारी के साथ मतदान करना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है।

विद्यालय स्तर पर आयोजित इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा समाज में मतदान के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा।

माहेश्वरी महिलाओं की भक्ति और गरबा से सजेगी दो शामें

14 अक्टूबर को भजन जैमिंग, 15 को गरबा की धूम; तैयारियों को दिया अंतिम रूप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के सानिध्य में आरकेआरसी व्यास नगर माहेश्वरी महिला संगठन की संयुक्त मेजबानी में 14 और 15 अक्टूबर को 'भक्ति बीट्स विद गरबा फीट्स' कार्यक्रम आयोजित होगा। दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन भजन जैमिंग और दूसरे दिन गरबा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर महिला सदस्यों की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नगर माहेश्वरी महिला संस्थान की अध्यक्ष वीणा मोदी ने बताया कि 14 अक्टूबर को जयपुर से आने वाली भजन कॉन्सर्ट टीम भजनों की प्रस्तुति देगी। वहीं, 15 अक्टूबर को गरबा आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रीय टीमें और महिला सदस्य भाग लेंगी। कार्यक्रम में स्वागत नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जिनकी रिहर्सल जारी है।



आरकेआरसी व्यास नगर माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष पल्लवी लढ़ा और सचिव रंजना बिड़ला ने बताया कि मंच व्यवस्था, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर सचिव विनीता तोषनीवाल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धर्म और परंपराओं से जोड़ना है।

'एक जश्न, दो जादुई रातें' की थीम पर आयोजित दोनों दिन के कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होंगे। प्रवेश पास के माध्यम से दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, भारतीय संस्कृति और आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित पारंपरिक वेशभूषा में आना अनिवार्य रहेगा। निर्धारित वेशभूषा का पालन नहीं करने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आयोजकों ने सभी से नियमों का पालन करने की अपील की है।

बालिका बास्केटबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू

आठ क्षेत्रों की 20 टीमें मैदान में उतरीं, 221 खिलाड़ी तीन आयु वर्गों में दिखाएंगी खेल कौशल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर के नगर निगम बास्केटबॉल मैदान पर शुक्रवार से बालिका बास्केटबॉल का राष्ट्रीय मुकाबला शुरू हो गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर की मेजबानी में 37वीं अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 13 अक्टूबर तक आयोजित होगी। इसमें देश के आठ क्षेत्रों की 20 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में 221 बालिका खिलाड़ी 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।



प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर शुक्रवार शाम विद्यालय परिसर में प्रेस वार्ता हुई। इसमें एसजीएफआई के उपाध्यक्ष एवं विद्या भारती के खेल संयोजक शमुखतेज सिंह बदेशा ने बताया कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना विकसित होती है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और बेहतर प्रदर्शन का अवसर प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से आई बालिका खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के जरिए खेल कौशल सुधारने के साथ एक-दूसरे की संस्कृति को समझने का अवसर भी मिलेगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चयनित खिलाड़ी आगामी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की राष्ट्रीय स्पर्धाओं में विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करेंगी।

प्रेस वार्ता में आयोजकों ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं और सुरक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी दी। साथ ही बालिका खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और खेलों के प्रचार-प्रसार में मीडिया से सहयोग की अपील की।

इस दौरान विद्या भारती भीलवाड़ा के अध्यक्ष हीरालाल टेलर, राजस्थान खेल संयोजक सत्यनारायण मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, देवराज सिंह, कैलाश शर्मा, विराट सोनी, नरेश पाटीदार और संजय राठी मौजूद रहे।



QUICK BITES

डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा की जयंती पर जरूरतमंद बच्चों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।



डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा मेमोरियल संस्थान की ओर से भारत विकास परिषद के तत्वावधान में केशुविलास प्राइमरी स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को जूते, मोजे, पाठ्यपुस्तक सामग्री, फल और बिस्किट वितरित किए गए।

संस्थान के एडवोकेट चंद्रशेखर मेवाड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष डॉ. डी.एस. मेहर, भारत विकास परिषद शाखा सचिव वेदप्रकाश तिवाड़ी, मुकेश धनोपिया और अंकित तिवाड़ी ने डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। साथ ही युवाओं से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम में एसीबीओ कन्हैयालाल शर्मा, ओम मेड़तिया, अंकिता मेवाड़ा, धर्मचंद कुमावत, गोपाल सोनी, निलेश नलवाया, किशन त्रिपाठी, बबलू मेवाड़ा, महेंद्र पंवार, जितेंद्र गहलोत, कान्हा यादव, मुकेश नायक और निलेश चितौड़ा सहित भारत विकास परिषद शाखा एवं संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

महिला की हत्या और पोती पर जानलेवा हमले के दोषी को उम्रकैद

बनेड़ा में पांच साल पुराने मामले में अदालत का फैसला, 35 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



बनेड़ा कस्बे में घर में घुसकर महिला और उसकी नौ वर्षीय पोती पर धारदार हथियार से हमला करने के करीब पांच साल पुराने मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (महिला उत्पीड़न) ने आरोपी आबिद हुसैन उर्फ बल्लू निवासी प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़ को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर कुल 35 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस के अनुसार, बनेड़ा के घाटी के बालाजी रोड निवासी नरेंद्र पुत्र रमेश सांसी ने 15 जुलाई 2021 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 14 जुलाई 2021 की रात उसकी मां गुरगुल और नौ वर्षीय बेटी तनीषा घर के कमरे में सो रही थीं। इसी दौरान आरोपी ने घर में घुसकर दोनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेड़ा और बाद में महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा रेफर किया गया। उपचार के दौरान गुरगुल की मौत हो गई।

27 गवाह और 102 दस्तावेज पेश किए

मामले में राज्य सरकार की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक अदिति सेठिया ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष ने अदालत में 27 गवाहों के बयान और 102 महत्वपूर्ण दस्तावेज पेश किए। साक्ष्यों एवं न्यायिक कार्यवाही के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराया।

पांच धाराओं में सुनाई सजा

अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 में हत्या के लिए आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माना, धारा 307 में हत्या के प्रयास के लिए आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माना सुनाया। वहीं, धारा 324 में तीन वर्ष का साधारण कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माना, धारा 201 में तीन वर्ष का साधारण कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माना तथा धारा 406 में पांच वर्ष का साधारण कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया। अर्थदंड जमा नहीं कराने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



सवाईपुर के सरकारी स्कूल में प्रार्थना सभा बनी संस्कार, संगीत और संस्कृति का संगम

प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर की पहल से बदला प्रार्थना सभा का स्वरूप, विद्यार्थियों में बढ़ रहा आत्मविश्वास और रचनात्मकता





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में कोटड़ी उपखंड की सवाईपुर पंचायत स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने एक नई पहल की है। यहां सुबह की प्रार्थना सभा अब केवल प्रार्थना तक सीमित नहीं है, बल्कि संगीत, अध्यात्म, बौद्धिक गतिविधियों और भारतीय परंपराओं के संगम का रूप ले चुकी है। प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर के नेतृत्व में शुरू हुए इस नवाचार से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

संगीत की धुनों के साथ होती है दिन की शुरुआत

विद्यालय की प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राएं सामूहिक रूप से प्रार्थना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेते हैं। पारंपरिक एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों की धुनों से विद्यालय का वातावरण संगीतमय बन जाता है। इससे विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि बढ़ने के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा



प्रस्तुत करने का आत्मविश्वास भी विकसित हो रहा है। दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता के साथ होती है।

प्रधानाचार्य स्वयं थामती हैं वाद्य यंत्र

इस पहल की खास बात यह है कि प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर केवल विद्यार्थियों को मार्गदर्शन ही नहीं देतीं, बल्कि स्वयं भी उनके साथ संगीत गतिविधियों में भाग लेती हैं। वे गिटार, पियानो और कांगो जैसे वाद्य यंत्र बजाकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाती हैं। उनके इस प्रयास से शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता मजबूत हो रही है तथा बच्चों को सीखने और अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरणा मिल रही है।

संस्कार और आधुनिक शिक्षा का समन्वय

विद्यालय में प्रार्थना सभा को रचनात्मक स्वरूप देने के पीछे उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। यहां शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना, अनुशासन, कला और सकारात्मक सोच से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय के ऊर्जावान स्टाफ का भी इस पहल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मिलकर इस गतिविधि को प्रभावी बनाने में भागीदारी निभा रहे हैं।

ग्रामीणों और अभिभावकों में पहल की सराहना

विद्यालय में किए जा रहे इस नवाचार को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों और अभिभावकों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। उनका मानना है कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति लगाव बढ़ेगा। साथ ही, सरकारी विद्यालयों की भूमिका को लेकर समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने में भी ऐसी पहल मददगार हो सकती है।

दूसरे विद्यालयों के लिए बन सकती है प्रेरणा

डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करना भी है। सवाईपुर के इस विद्यालय में प्रार्थना सभा के माध्यम से इसी सोच को व्यवहार में उतारने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय परिवार के सामूहिक सहयोग से आगे बढ़ रही यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के अन्य सरकारी विद्यालयों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकती है।

गुरला में 5 किलोमीटर दौड़ीं नन्हीं बालिकाएं, मेडल पहनाकर किया सम्मानित

'नींव' कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन, 9 से 12 वर्ष की बालिकाओं ने उत्साह से लिया भाग

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।

बेटियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कस्बे में 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। भीलवाड़ा जिला प्रशासन एवं हमारी लाडो फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'नींव' कार्यक्रम के तहत आयोजित इस दौड़ में 9 से 12 वर्ष की स्कूली बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'लड़कियां भागे, सबसे आगे' की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में नन्हीं बालिकाओं ने दौड़ पूरी कर अपनी खेल भावना और हौसले का परिचय दिया



दौड़ के दौरान बालिकाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। 'नींव' की लाल टोपी और टी-शर्ट पहने बालिकाओं ने निर्धारित पांच किलोमीटर की दूरी पूरी की। दौड़ पूरी करने वाली प्रतिभागियों को जिला प्रशासन एवं फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के साथ उन्हें खेल एवं अन्य गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

आयोजन के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय स्टाफ, जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पुनित दास त्यागी महाराज, सत्यनारायण सेन, रतन सिंह, सुरेश चन्द्र दरोगा, जगदम्बा प्रसाद माथुर, तृप्ति मैडम, रामचंद्र प्रजापत, कंचन प्रजापत और राजू माली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय हॉकी में भीलवाड़ा को रजत पदक, छह खिलाड़ियों का सम्मान

17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, खेल मैदान पर हुआ स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। 70वीं राज्य स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले की टीम को रजत पदक दिलाने वाले छह खिलाड़ियों का गृह क्षेत्र पहुंचने पर मेजर ध्यानचंद हॉकी खेल मैदान में खेल प्रेमियों और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने स्वागत किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर उपस्थित लोगों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कोच राधेश्याम जाट ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ था।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए जिले की टीम को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

17 वर्ष आयु वर्ग में रोहिन श्रोत्रिय, आर्यन पुरोहित, प्रधान जाट और विजय चमार, जबकि 19 वर्ष आयु वर्ग में अनिल सैन और भावेश हरिजन ने जिले का प्रतिनिधित्व किया।

खिलाड़ियों के स्वागत के दौरान मनोज गवारिया, गोविंद गाड़री, कान सिंह, हीरालाल, अंकित चौधरी, सुनील जाट और शिवराज जाट सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों की मेहनत और उपलब्धि की सराहना करते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

बच्चों ने पोस्टर थामकर खोली बदहाल व्यवस्था की पोल, नगर पालिका पहुंचकर उठाई सुविधाओं की मांग

असावा कॉलोनी में सड़क, सफाई, रोशनी और जल निकासी की समस्या को लेकर अनूठा प्रदर्शन; पालिका अध्यक्ष और ईओ ने प्राथमिकता से काम कराने का दिया आश्वासन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

मूलचन्द पेसवानी

स्कूल तक पहुंचने के लिए खराब सड़कें, शाम होते ही अंधेरे रास्ते, जगह-जगह उगी झाड़ियां और घरों के आसपास जमा गंदा पानी। इन समस्याओं से परेशान असावा कॉलोनी के बच्चों ने शुक्रवार को अपने अंदाज में आवाज उठाई। ब्राइट माइंड विद्यालय के विद्यार्थी वार्ड संख्या 14 की असावा कॉलोनी और नट समाज गांछा बस्ती की समस्याओं को पोस्टर और तख्तियों के जरिए लेकर नगर पालिका पहुंचे। बच्चों ने पालिका अध्यक्ष रमेश सेन और अधिशासी अधिकारी रिंकल गुप्ता को क्षेत्र की परेशानियों से अवगत कराया। क्षेत्रवासियों और विद्यालय प्रबंधन ने भी ज्ञापन सौंपकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।



पोस्टर पर लिखी परेशानी, बच्चों ने बताई हकीकत

प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से खराब रास्तों, अंधेरे, झाड़ियों और जलभराव की समस्याओं को सामने रखा। बच्चों का कहना था कि इन अव्यवस्थाओं के कारण स्कूल आने-जाने और खेल मैदान तक पहुंचने में परेशानी होती है। उनकी इस पहल ने क्षेत्र की उन समस्याओं को सामने ला दिया, जिनसे स्थानीय परिवार रोजाना जूझ रहे हैं।

स्कूल तक की सड़क दुरुस्त कराने की मांग

विद्यालय प्रबंधन ने स्कूल और असावा कॉलोनी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर डामरीकरण कराने की मांग उठाई। कॉलोनी के अंदरूनी रास्तों पर गड्ढे होने से विद्यार्थियों, अभिभावकों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कत होती है। प्रबंधन ने सड़कों की मरम्मत और नियमित रखरखाव कराने की आवश्यकता बताई।

झाड़ियों की सफाई और रोड लाइट लगाने पर जोर

कॉलोनी और विद्यालय के आसपास उगी विलायती बबूल की झाड़ियों के कारण रास्तों से गुजरने में परेशानी होती है। वहीं, पर्याप्त रोड लाइट नहीं होने से शाम और रात के समय अंधेरा रहता है। इससे विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में असुविधा होती है। क्षेत्रवासियों ने झाड़ियों की सफाई कराने और प्रमुख रास्तों पर रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की।

उद्यान में सुविधाएं विकसित करने की जरूरत

विद्यालय के पास स्थित नगर पालिका के उद्यान में आवश्यक सुविधाओं का अभाव होने से विद्यार्थी और स्थानीय लोग इसका पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने उद्यान को उपयोगी बनाने और बच्चों के खेलने सहित नागरिकों के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित करने की मांग रखी।

गंदे पानी की निकासी नहीं होने से बढ़ रही परेशानी

असावा कॉलोनी में घरों से निकलने वाले गंदे पानी और बारिश के पानी की निकासी की समस्या भी ज्ञापन में उठाई गई। जगह-जगह पानी जमा रहने से मच्छरों की परेशानी बढ़ती है। स्थानीय लोगों ने नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी की उचित व्यवस्था और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की।

पालिका ने प्राथमिकता से काम कराने की कही बात

बच्चों और क्षेत्रवासियों ने अपनी मांगें नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेन तथा अधिशासी अधिकारी रिंकल गुप्ता के सामने रखीं। इस पर दोनों ने आने वाले दिनों में समस्याओं से जुड़े कार्य प्राथमिकता से कराने की बात कही। हालांकि, कार्य शुरू करने की कोई निश्चित समयसीमा घोषित नहीं की गई। अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि बच्चों की इस पहल के बाद सड़क, सफाई, रोशनी और जल निकासी जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

रक्तदान शिविर में 234 यूनिट रक्त संग्रहित, 323 रोगियों की हुई नेत्र जांच

हरिसेवा धाम में सेवा शिविर आयोजित, 56 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित; जरूरतमंदों को चश्मे और दवाइयां वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मानव सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से हरिसेवा धाम में रक्तदान शिविर तथा गोमाबाई नेत्रालय, भीलवाड़ा में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 234 यूनिट रक्तदान किया, वहीं नेत्र चिकित्सा शिविर में 323 रोगियों की जांच की गई। जांच के बाद 56 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी चयनित मरीजों के निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएंगे।



हरिसेवा धाम में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी महाराज, विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर जसवंत कंवर, उपमहापौर राधेश्याम सोमानी, समाजसेवी भगवान सिंह चौहान और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण डाड ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शरद सिंह चौहान की मित्र मंडली ने भाग लिया। कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक एवं अरिहंत ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त संग्रहण किया। रक्तदाताओं को सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, गोमाबाई नेत्रालय, नीमच, जिला अंधता निवारण सोसायटी, भीलवाड़ा तथा सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में शहर सहित दूरदराज के क्षेत्रों से मरीज पहुंचे। जांच के बाद जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे और दवाइयां वितरित की गईं। चयनित 56 मरीजों के लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन गोमाबाई नेत्रालय की ओर से भीलवाड़ा में किए जाएंगे। सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने नेत्रालय की टीम और टीम शरद सिंह चौहान मित्र मंडली का आभार जताया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

वकील पर हमले के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर भड़का आक्रोश, 12 अक्टूबर को जिलेभर की अदालतों में न्यायिक कार्य ठप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अधिवक्ता गोविंद मानमिया पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से वकीलों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट जिला अभिभाषक संस्था ने अब आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सोमवार, 12 अक्टूबर को भीलवाड़ा जिले की सभी अधीनस्थ अदालतों में अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान कोई भी अधिवक्ता न्यायालय में पैरवी नहीं करेगा। साथ ही अदालत परिसरों में विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।



जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के नेतृत्व में शुक्रवार को न्यायालय परिसर स्थित संस्था कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिवक्ता गोविंद मानमिया पर हमले के मामले में अब तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी जताई गई। अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि हमले के आरोपी दुर्गालाल उर्फ अक्षय गुर्जर उर्फ विक्रम की पहचान होने के बावजूद पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वहीं, आरोपी का साथ देने के आरोप में महिला मारुति देवी सांसी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

राठौड़ के अनुसार, दो दिन पहले पुलिस अधीक्षक ने जिला अभिभाषक संस्था को आश्वासन दिया था कि दो दिन में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बावजूद गिरफ्तारी नहीं होने से अधिवक्ताओं में रोष है। उन्होंने इसे पुलिस की उदासीनता बताते हुए कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी तक अधिवक्ता चुप नहीं बैठेंगे।

बैठक में सर्वसम्मति से 12 अक्टूबर को जिलेभर की अधीनस्थ अदालतों में न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष राठौड़ ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार नहीं किया तो आंदोलन को प्रदेश स्तर तक विस्तार दिया जाएगा और राजस्थानभर में न्यायिक कार्य के बहिष्कार का आह्वान किया जाएगा। बैठक में संस्था उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्यसिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

QUICK BITES

राष्ट्रपति भवन में छाई शाहपुरा की फड़ कला, तीन कलाकारों ने बढ़ाया मान

शांतिलाल, विजय और विवेक जोशी ने पारंपरिक चित्रशैली में उकेरे 'विकसित भारत' और भारतीय संस्कृति के रंग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



मूलचन्द पेसवानी। शहर की प्रसिद्ध फड़ चित्रकला को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय मंच मिला। कलाकार शांतिलाल जोशी, विजय जोशी और विवेक जोशी ने 'कलाकार निवास' कार्यक्रम के तहत अपनी पारंपरिक कला का प्रदर्शन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पारंपरिक कलाओं से जुड़े कलाकारों से मुलाकात की और उनकी कला-साधना को देखा।

तीनों कलाकारों ने फड़ चित्रकला की पारंपरिक शैली में 'विकसित भारत', भारतीय संस्कृति और 'वसुधैव कुटुंबकम्' जैसे विषयों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस पहल ने लोककला को समकालीन विचारों से जोड़ने के साथ यह संदेश दिया कि पारंपरिक चित्रशैली आज के विषयों को अभिव्यक्त करने में भी सक्षम है।

फड़ चित्रकला राजस्थान की समृद्ध लोक विरासत है, जिसमें लोकदेवताओं, लोककथाओं, आस्था और जनजीवन की झलक देखने को मिलती है। शांतिलाल जोशी को 1991 में राष्ट्रपति पुरस्कार सहित कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। विजय जोशी को 2003 में राष्ट्रीय मेरिट पुरस्कार के साथ अन्य सम्मान प्राप्त हुए हैं। वहीं, विवेक जोशी को भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति और राष्ट्रीय फेलोशिप मिल चुकी है।

राष्ट्रपति भवन में शाहपुरा की कला का प्रदर्शन न केवल तीनों कलाकारों की उपलब्धि है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर सामने लाने का अवसर भी है। उनकी यह उपलब्धि नई पीढ़ी को पारंपरिक कलाओं से जुड़ने और विरासत को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है।

बिजौलियां में आज प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशाला नामांकन प्रक्रिया की देंगे जानकारी

पंचायत समिति सभागार में दोपहर 3:30 बजे होगा आयोजन, संभावित प्रत्याशियों और मीडिया को किया आमंत्रित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

श्याम विजय। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत संभावित पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंच प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए शनिवार को प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला दोपहर 3:30 बजे पंचायत समिति सभागार में होगी।

रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी सी.एल. शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में संभावित प्रत्याशियों को नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया, निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों और आवश्यक नियमों की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर (बीएलएमटी) प्रशिक्षण देंगे।

कार्यशाला में पंचायत समिति क्षेत्र के संभावित प्रत्याशियों, समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

कृष्ण लीला और रामायण प्रसंगों से सत्रीय नृत्य ने मोहा मन

विरासत-2026 के तहत भीलवाड़ा के दो विद्यालयों में हुईं प्रस्तुतियां, विद्यार्थियों को सिखाईं शास्त्रीय नृत्य की मुद्राएं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रामायण के जीवंत प्रसंगों ने शुक्रवार को भीलवाड़ा के विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराया। स्पिक मैके एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित विरासत-2026 के तहत विश्वविख्यात सत्रीय नृत्यांगना डॉ. अन्वेषा महंत ने शहर के दो विद्यालयों में नृत्य प्रस्तुतियां देकर कला और संस्कृति की छटा बिखेरी।

कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति सुबह 8 बजे आटून रोड स्थित यूरो अकादमी सेकेंडरी स्कूल में हुई। डॉ. महंत ने विद्यार्थियों को सत्रीय नृत्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और पारंपरिक विशेषताओं से परिचित कराया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, विशेषकर माखन चोरी के प्रसंग को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया। भाव-भंगिमाओं और हस्त मुद्राओं से सजी प्रस्तुति ने विद्यार्थियों का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न हस्त मुद्राओं का अभ्यास भी करवाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी कैलाश सोनी मुख्य अतिथि तथा सुनील बांगड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

वहीं, दूसरी प्रस्तुति सुबह 10:30 बजे कुवाड़ा रोड स्थित मूक-बधिर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में मेवाड़ चेम्बर डेवलपमेंट ट्रस्ट, भीलवाड़ा के सहयोग से आयोजित की गई। यहां डॉ. अन्वेषा महंत ने भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति के साथ सत्रीय नृत्य की प्रस्तुति आरंभ की। इसके बाद रामायण के सीता स्वयंवर प्रसंग में भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करने की घटना को नृत्य के जरिए प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पौराणिक प्रसंगों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने उपस्थित दर्शकों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि अंध विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मेवाड़ चेम्बर डेवलपमेंट ट्रस्ट के मानद सचिव एवं समाजसेवी एम. के. जैन मुख्य अतिथि रहे। कथक गुरु रमा पचीसिया, विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर संतना, शिक्षकगण, विद्यार्थियों के अभिभावक और अन्य अतिथि भी मौजूद रहे। दोनों प्रस्तुतियों में कला एवं संस्कृति के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला। दूसरे कार्यक्रम में करीब 400 लोगों की सहभागिता रही।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।